

वर्ष:5 | अंक : 284 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 29 अक्तूबर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



मानसा में झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए तेज होगा संघर्ष

पंजाब भर में पुलिस थानों के बाहर प्रदर्शन का ऐलान

युवक दलजीत सिंह की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया, परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया

- पुलिस ने वहां जुटे प्रदर्शनकारियों को रोककर लाठीचार्ज किया
- लक्खा सिधाना समेत कई लोगों को पुलिस हिरासत में ले लिया

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा को इंसाफ दिलाने की मांग के बीच युवक दलजीत सिंह की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को गांव भम्मे कलां के दलजीत सिंह की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें रोककर लाठीचार्ज किया और लक्खा सिधाना समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा शव अपने कब्जे में लिए जाने के बाद तनाव और बढ़ गया। अब झोटा को इंसाफ दिलाने की मांग, दलजीत सिंह की मौत और पुलिस कार्रवाई को लेकर मानसा में विरोध तेज होने के आसार हैं। एक तरफ भारतीय किसान यूनियन एकता (उगराहां) ने पंजाबभर में पुलिस थानों के सामने प्रदर्शन का आह्वान किया है, वहीं दूसरी तरफ गुरुद्वारों में अरदास और मानसा के इंसाफ मोर्चे में लोगों की भागीदारी बढ़ने की संभावना है। भारतीय किसान यूनियन एकता (उगराहां) ने मृतक का शव परिजनों को सौंपने और इंसाफ मोर्चे में पुलिस दखल बंद करने की मांग की है। यूनियन ने पंजाबभर में पुलिस थानों के सामने रोष प्रदर्शन का ऐलान किया है। यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष झंडा सिंह जेठूके के नेतृत्व में संगठन का जत्था बुधवार को मानसा के इंसाफ मोर्चे में भी शामिल होगा। वहीं, परविंदर सिंह झोटा के पिता भीम सिंह ने लोगों से मानसा पहुंचने की अपील की है। भाना सिद्धू ने चेतावनी दी है कि हिरासत में लिए गए युवाओं को बुधवार सुबह तक रिहा नहीं किया गया तो सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा।



एसएसपी का दावा-शरारती तत्वों ने माहौल को खराब करने की कोशिश की

दूसरी ओर, मानसा के स्सक्तवैभव चौधरी ने कहा कि युवक की हत्या के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके मुताबिक, कुछ शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसके चलते पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। स्सक्तने स्पष्ट किया कि शव का अंतिम संस्कार पुलिस नहीं करेगी और परिवार की सहमति से ही आगे की कार्रवाई होगी। धरना शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है और वहां पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। अब सबकी नजरें एक्शन कमेटी की बैठक और आगे की रणनीति पर टिकी हैं।

मानसा में फिर गरमाया माहौल, दलजीत की मौत के बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर चल रहा धरना एक बार फिर चर्चा में आ गया है। अब गांव भम्मे कलां के रहने वाले दलजीत की मौत के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई है। परिवार ने दलजीत की मौत को नशे के ओवरडोज से जोड़ते हुए उसका शव झोटा के इंसाफ के लिए लगाए गए धरने में पहुंचा दिया। इस दौरान पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया, जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। वहीं, परविंदर सिंह झोटा की मौत के मामले में भी पोस्टमॉर्टम का इंतजार जारी है। जानकारी के मुताबिक, दलजीत की 27 अक्टूबर को मानसा के गांव भम्मे कलां में मौत हो गई थी। परिवार का आरोप है कि उसकी मौत नशे के ओवरडोज के कारण हुई। इसके बाद परिजन दलजीत का शव लेकर परविंदर सिंह झोटा के इंसाफ के लिए चल रहे धरने में पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। परिवार का आरोप है पुलिस उन पर जबरदस्ती पोस्टमॉर्टम करवाने का दबाव बना रही है। फिलहाल दलजीत का शव बठिंडा स्थित एम्स में रखा है। परिवार के आरोपों और पोस्टमॉर्टम को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच मामले ने तूल पकड़ लिया है।



14 दिन बाद भी परविंदर झोटा का पोस्टमॉर्टम नहीं

दूसरी ओर, परविंदर सिंह झोटा की मौत के मामले में भी पोस्टमॉर्टम का इंतजार जारी है। घटना को 14 दिन बीत जाने के बावजूद उनका पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है। झोटा के परिवार और इंसाफ कमेटी की ओर से लगातार न्याय की मांग की जा रही है। झोटा के पिता भीम सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में मानसा पहुंचकर इंसाफ कमेटी के धरने में शामिल हों। परिवार की मांग है कि झोटा को न्याय मिले। वहीं, दलजीत की मौत और उसके शव को लेकर हुए विवाद ने मानसा में नशे के मुद्दे तथा पुलिस की कार्रवाई को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बिक्रम मजीठिया की बढ़ीं मुश्किलें, विजिलेंस ने दाखिल की 40 हजार पन्नों की चार्जशीट

अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों के साथ कथित संबंध होने के आरोप भी लगाए

- नशे से जुड़े मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने नई चार्जशीट दाखिल की
- चार्जशीट में कथित वित्तीय लेन-देन को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए
- कानूनी प्रक्रिया के तहत इनकी जांच तथा न्यायिक परीक्षण होना बाकी



जालंधर सिटी लाइव

अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। नशे से जुड़े मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने उनके खिलाफ नई चार्जशीट दाखिल की है। मिली जानकारी के मुताबिक, चार्जशीट करीब 40 हजार पन्नों की है। इसमें मजीठिया पर कथित तौर पर नशे से जुड़े 736 करोड़ रुपये अपनी कंपनियों के बैंक खातों में जमा करवाने के आरोप लगाए गए हैं। विजिलेंस ब्यूरो की ओर से दाखिल चार्जशीट में कथित वित्तीय लेन-देन को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, मजीठिया पर आरोप है कि नशे से जुड़े धन को उनकी कंपनियों के बैंक खातों में जमा करवाया गया। चार्जशीट में इन आरोपों के समर्थन में क्या-क्या साक्ष्य पेश किए गए हैं, इसकी विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद ही मामले की तस्वीर और स्पष्ट होगी।

विदेशी ड्रग तस्करों से संबंध का आरोप

चार्जशीट में बिक्रम मजीठिया पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों के साथ कथित संबंध होने के आरोपों में भी शामिल बताए जा रहे हैं। ये आरोप जांच एजेंसी की ओर से लगाए गए हैं और मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत इनकी जांच तथा न्यायिक परीक्षण होना बाकी है। मजीठिया के खिलाफ लगाए गए आरोपों को अदालत में साबित किया जाना आवश्यक है।

आईसीसी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा का जलवा, बने दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज

जालंधर सिटी लाइव

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में तूफानी शतक जड़कर क्रिकेट जगत में सुर्खियां बटोर लीं। अभिषेक इस शानदार पारी के बाद 27 अक्टूबर को द्घ्ष्ट की ताजा टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उनकी विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवर में हासिल कर लिया और पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। अभिषेक ने सिर्फ 35 गेंदों में शतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 198 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 118 रन बना दिए।



टी-20 इंटरनेशनल में चौथा शतक

अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने 38 गेंदों पर 113 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 11 छक्के शामिल रहे। उनका शतक 35 गेंदों में पूरा हुआ। यह टी-20 इंटरनेशनल में उनका चौथा शतक है। भारत ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

जालंधर में इंडो-कैनेडियन बस की कार से टक्कर, हादसे में 2 गंभीर रूप से घायल

- एक घायल की गंभीर हालत को देखते बड़े अस्पताल में रेफर
- निरंकारी समागम के बाद पठानकोट लौट रहे थे कार सवार
- कपड़ां बैग, नगदी वाला एक पर्स और जरूरी दस्तावेज मिले

घायलों को फिल्लौर के सिविल अस्पताल भर्ती करवाया गया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू: जालंधर में फिल्लौर के गांव खैरा के पास नेशनल हाईवे पर इंडो-कैनेडियन बस की कार के साथ टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार 2 श्रद्धालु बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क सुरक्षा फोर्स को इस घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद घायलों को फिल्लौर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक हादसा मंगलवार को हुआ। ऑल्टो कार सवार दिल्ली में निरंकारी समागम में शामिल होकर पठानकोट लौट रहे थे। इसी दौरान कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिस कारण पीछे आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्स्ब्ब की टीम ने घायलों को फिल्लौर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।



सामान परिजनों को सौंपा गया

एसएसएफ टीम को कार से कपड़ों के नौ बैग, 910 रुपये नगदी वाला एक पर्स और जरूरी दस्तावेज मिले। इनमें वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वाहन की आरसी और एटीएम कार्ड शामिल थे। टीम ने पूरा सामान घायलों के भाई राजिंदर को सुरक्षित सौंप दिया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को सड़क के किनारे किया और साइन बोर्ड लगाकर ट्रैफिक को दोबारा से शुरू करवाया।

पंजाब सरकार ने 31 अक्टूबर को बुलाई कैबिनेट मीटिंग

सीएम आवास पर जुटेंगे मंत्री, कई अहम फैसलों पर लगेगी मुहर

- मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में सभी मंत्री शामिल होंगे
- राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर मंथन होने की संभावना है

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने दिवाली से ठीक पहले कैबिनेट की बैठक बुलाने का फैसला किया है। यह बैठक 31 अक्टूबर, शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में सभी मंत्री शामिल होंगे। इस दौरान राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार की ओर से बैठक का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अब सभी की नजरें बैठक में होने वाले फैसलों पर टिकी हैं। पंजाब कैबिनेट की आगामी बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगा सकती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, बैठक के एजेंडे और प्रस्तावित फैसलों को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि सरकार राज्य के विकास और प्रशासनिक कार्यों से संबंधित अहम निर्णय ले सकती है।



दिवाली से पहले बड़े ऐलान की उम्मीद

पंजाब में 31 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट बैठक को दिवाली से पहले महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में सरकार जनता के हित में कोई बड़ा ऐलान कर सकती है। फिलहाल किसी विशेष घोषणा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा और मंजूरी मिलने की संभावना है। ऐसे में राज्य के लोगों की नजरें सरकार के फैसलों पर रहेंगी। अब देखना होगा कि दिवाली से पहले मान सरकार क्या घोषणा करती है।

CMYK

28-10-2026_Layout 1 29-10-2026 00:50 Page 2

लुधियाना निगम में विजिलेंस टीम की रेड, प्रॉपर्टी टैक्स इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

दफ्तर में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच हड़कंप

- प्रॉपर्टी टैक्स सेटलमेंट करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप
- मौजूद दस्तावेजों व अन्य रिकॉर्ड को खंगाल रही विजिलेंस टीम

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। लुधियाना में नगर निगम के डी जोन कार्यालय में बुधवार को विजिलेंस टीम ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान ग्राउंड फ्लोर पर स्थित प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में तैनात एक इंस्पेक्टर को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने की जानकारी सामने आई है। अचानक हुई इस कार्रवाई से नगर निगम कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम ने कार्रवाई के दौरान संबंधित इंस्पेक्टर के कैबिन में जांच शुरू कर दी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इंस्पेक्टर पर प्रॉपर्टी टैक्स सेटलमेंट करने के बदले रिश्वत मांगने और लेने का आरोप है। अधिकारी वहां मौजूद दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड को खंगाला, ताकि मामले से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके। रिश्वत की कथित रकम और अन्य विवरणों को लेकर जानकारी सामने आनी बाकी है।

प्रॉपर्टी टैक्स सेटलमेंट के बदले म रिश्वत

सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस की कार्रवाई प्रॉपर्टी टैक्स के एक मामले में कथित रिश्वतखोरी से जुड़ी है। आरोप है कि टैक्स सेटलमेंट करवाने के बदले इंस्पेक्टर ने रिश्वत ली। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मामला किस प्रॉपर्टी से संबंधित है और कथित तौर पर कितनी रकम का लेन-देन हुआ। विजिलेंस की जांच पूरी होने के बाद ही मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा होने की उम्मीद है।

जीयो की शानदार लिस्टिंग, बेटे अनंत अंबानी की बात सुन भावुक हुए मुकेश अंबानी

निवेशकों को लिस्टिंग के समय करीब 21 प्रतिशत का प्रीमियम मिला

जालंधर सिटी लाइव



जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में एंट्री के साथ रिलायंस समूह के लिए एक अहम उपलब्धि जुड़ गई है। कंपनी का शेयर ` 1,119 के इश्यू प्राइस के मुकाबले ` 1,358 पर लिस्ट हुआ, यानी निवेशकों को लिस्टिंग के समय करीब 21त्न का प्रीमियम मिला। इस मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भावुक नजर आए। बेटे अनंत अंबानी ने सफलता की कहानी साझा करते कंपनी के सफर और लोगों से मिले समर्थन का जिक्र किया। जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयर की लिस्टिंग 1,358 पर हुई, जो इसके 1,119 के इश्यू प्राइस से 239 अधिक है। इस तरह शेयर ने बाजार में करीब 21.4त्न के प्रीमियम के साथ शुरुआत की। जियो प्लेटफॉर्म्स का मार्केट कैप बढ़कर 12.50 लाख करोड़ हो गया है। कंपनी देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप करीब ` 16 लाख करोड़ और भारती एयरटेल का मार्केट कैप ` 12.20 लाख करोड़ बताया गया है। लिस्टिंग समारोह के दौरान अनंत अंबानी ने जियो की कामयाबी का श्रेय देश के लोगों के प्यार और आशीर्वाद को दिया। उन्होंने रिलायंस की विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि जियो को पूरे देश का आशीर्वाद मिला है। अनंत ने भावनात्मक अंदाज में कहा, ÷मां ने कहा 'जियो मेरे लाल', दादी ने कहा 'जुग जुग जियो' और दोस्तों ने कहा 'जियो यार'।÷ उनके बयान ने समारोह में मौजूद लोगों का ध्यान खींचा। इसी दौरान मुकेश अंबानी भावुक हो गए।

'जियो की सफलता भारत की जनता की वजह से'

***अनंत** अंबानी ने कहा कि जियो की सफलता के पीछे भारत के लोगों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि देश की जनता ने जियो को बनाया है और भारतीयों के सपनों को पूरा करना ही उनका असली सपना है। उनके इस बयान में कंपनी की यात्रा के साथ देश के लोगों से जुड़े रहने का संदेश भी दिखाई दिया। शेयर बाजार में मजबूत लिस्टिंग और इस दौरान सामने आए भावनात्मक पलों ने जियो प्लेटफॉर्म्स की इस उपलब्धि को खास बना दिया।*

लुधियाना में करवाचौथ की शॉपिंग से लौट रहे दंपत्ति को कार ने मारी टक्कर, पति-पत्नी बुरी तरह से घायल

- गर्भवती महिला की हालत को देखते डीएमसी किया रेफर
- जांच और पीड़ितों के बयान को लेकर कार्रवाई की जाएगी
- हादसा सूफियां चौक के पास शराब के ठेके के बाहर हुआ
- इस दौरान गाड़ी के शीशे टूट गए व एयरबैग तक खुल गए

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। लुधियाना में करवाचौथ की शॉपिंग करके लौट रहे दंपति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गर्भवती महिला ज्योति और उसका पति रवि बुरी तरह से घायल हो गए। जिसके बाद लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। गर्भवती महिला की हालत को देखते उसे डीएमसी रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस अनुसार जांच और पीड़ितों के बयान को लेकर जो भी कार्रवाई होगी, वह की जाएगी। जानकारी के मुताबिक हादसा सूफियां चौक के पास शराब के ठेके के बाहर हुआ। बाइक को टक्कर मारने के बाद कार बेकाबू हो गई और तीन बार पलटियां खाकर सड़क किनारे गिर गई। इस दौरान गाड़ी के शीशे टूट गए और एयरबैग तक खुल गए। हादसे लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

नशे में गाड़ी चलाने के लगाए आरोप

***हादसे** के दौरान मौजूद लोगों का कहना है कि आरोपी की पहचान राजन के रूप में हुई। लोगों ने आरोप लगाया कि चालक नशे की हालत में था और उसकी गाड़ी से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। जिनमें से कुछ बोतलें टूट गई थीं।*

पंजाब में 2 नवंबर से बदल जाएगा स्कूलों का समय



जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में ठंड के मौसम को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के नए शेड्यूल के मुताबिक, 2 नवंबर से प्रदेश के सभी सरकारी, प्राइवेट, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूल सुबह 9 बजे खुलेंगे। यह व्यवस्था सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए लागू की जाएगी। नए समय के अनुसार, प्राइमरी स्कूल दोपहर 3 बजे तक चलेंगे, जबकि मिडिल से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक के स्कूल दोपहर 3:20 बजे बंद होंगे। यह समय-सारणी 28 फरवरी तक लागू रहेगी। पंजाब में 19 हजार से अधिक स्कूल हैं, जिन पर ये आदेश लागू होंगे। 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक सभी स्कूल सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगते हैं। इसके बाद 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्राइमरी स्कूल सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चलते हैं। वहीं, मिडिल से सीनियर सेकेंडरी तक के स्कूल सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:50 बजे तक लगते हैं।

1 मार्च से स्कूलों के समय में फिर से बदलाव

***सर्दियों** के शेड्यूल के तहत 1 नवंबर से 28 फरवरी तक प्राइमरी स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक और मिडिल से सीनियर सेकेंडरी तक के स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3:20 बजे तक चलेंगे। इसके बाद 1 मार्च से स्कूलों के समय में फिर बदलाव किया जाएगा।*

पंजाब-चंडीगढ़ में फिर बदलेगा मौसम

29 अक्टूबर से तेज हवाओं और ओलावृष्टि का अलर्ट

- चंडीगढ़ समेत कई इलाकों में आंशिक बादल छा सकते हैं
- 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी


जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। पंजाब में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है, जबकि शाम को चंडीगढ़ समेत कई इलाकों में आंशिक बादल छा सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 29 अक्टूबर से अगले तीन दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। चंडीगढ़ मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब के अधिकतम तापमान में 0.7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में सबसे अधिक 32.7 डिग्री तापमान बठिंडा में रिकॉर्ड किया गया। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात 'अर्नब' का असर भी मौसम पर पड़ सकता है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस होने के आसार हैं।

पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर हरियाणा के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। पश्चिमी विक्षोभ का असर भी उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम पर पड़ सकता है। पंजाब और चंडीगढ़ में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। लोगों को खुले स्थानों पर जाने से बचने और बिजली चमकने पर सुरक्षित जगह पर रहने की सलाह दी गई है।





28-10-2026_Layout 1 29-10-2026 00:50 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की भीषण टक्कर, 39 लोगों की मौत

राजधानी मैड्रिड को दक्षिणी अंडालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल सेवा प्रभावित

- सूचना मिलते ही आपातकालीन मेडिकल टीमें और बचाव दल मौके पर पहुंचे

जालंधर सिटी लाइव



स्पेन में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर होने की खबर सामने आई है। स्पैनिश मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक, इस हादसे में 39 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद राजधानी मैड्रिड को दक्षिणी अंडालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल सेवा प्रभावित हो गई और संबंधित रेल लाइन बंद कर दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन मेडिकल टीमें और बचाव दल मौके पर पहुंचे गए। रेल ऑपरेटर के मुताबिक, दोनों ट्रेनों के बीच पीछे से टक्कर हुई। हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजे होने की जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक ट्रेन सुबह करीब 8 बजे मैड्रिड से सेविल के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान दूसरी ट्रेन विपरीत दिशा से आ रही थी। रेल नेटवर्क का संचालन करने वाली कंपनी एडिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर दुर्घटना की जानकारी साझा की। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया। स्थानीय प्रशासन और मेडिकल टीमें घायलों की देखभाल में जुट गईं।

स्पोर्ट्स हॉल तैयार रखने के निर्देश

टोलेडो के पास स्थित उर्दा शहर के मेयर मैनुअल गालान के मुताबिक, बचाव दल ने घायलों के इलाज और देखभाल के लिए एक स्पोर्ट्स हॉल तैयार रखने को कहा था, ताकि जरूरत पड़ने पर वहां अतिरिक्त व्यवस्था की जा सके। दुर्घटना के बाद मैड्रिड और दक्षिणी अंडालूसिया क्षेत्र के बीच हाई-स्पीड रेल सेवा रोक दी गई। हादसे के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पंजाब में दर्दनाक हादसा, गहरी खाई में गाड़ी गिरने से चार पंजाबी लोगों की गई जान

- हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया
- पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही हादसा किन कारणों से हुआ

जालंधर सिटी लाइव



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में प्रसिद्ध दशहरा से लौट रहे पंजाबी नौजवानों की गाड़ी गहरी खाई में गिर गई। जिस कारण हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा किन कारणों से हुआ है। बताया जा रहा है कि सभी रोपड़ शहर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि सभी कुल्लू में दशहरा उत्सव में प्रोग्राम करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उनकी गाड़ी पंजाब बॉर्डर पर टोल प्लाजा गढ़ा मोड़ के पास पहुंचा तो अचानक गाड़ी असंतुलित हो गई और बेकाबू होते हुए गहरी खाई में जा गिरी।

मशीन की मदद से लोगों को निकाला

गाड़ी के खाई में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। हाइड्रा मशीन की मदद से हादसे में घायल लोगों और गाड़ी को निकाला गया। जिसके बाद उन सभी को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

सोमालिया में आतंकियों ने बिछाया मौत का जाल

घात लगाकर सैनिकों को बनाया निशाना, 20 जवानों की मौत

जालंधर सिटी लाइव



मोगादिशु। इस्लामी चरमपंथियों द्वारा घात लगाकर किए गए एक हमले में 20 सोमाली सैनिकों की मौत हो गई। इस हमले में जीवित बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने अपनी सैन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचने की बात स्वीकार की है, लेकिन सैनिकों के मारे जाने या घायल होने के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। लगभग दो दशकों से सोमालिया की सरकार के खिलाफ लड़ रहे अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब आतंकवादी समूह ने दक्षिणी सोमालिया के जामीका गांव के पास सोमवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमालिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घंटों चली इस लड़ाई के दौरान उसकी सेना ने लगभग 75 चरमपंथियों को मार गिराया और 56 अन्य को घायल कर दिया। वहीं, अल-शबाब ने दावा किया कि उसने 321 सैनिकों को मार डाला और कई सैनिकों को बंधक बनाने के साथ-साथ उनके सैन्य उपकरण भी जब्त कर लिए। दोनों पक्षों की ओर से हताहतों की संख्या और सैनिकों तथा उपकरणों पर कब्जे के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। हमले के समय सैन्य दल के साथ यात्रा कर रहे अधिकारी अबशिर अब्दीकरीम ने मंगलवार देर रात फोन पर द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि उन्होंने हमले के बाद अपने कम से कम 20 साथी सैनिकों के शव देखे।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश में मचाई तबाही, 3 लोगों की मौत

- तूफान का असर रेल व हवाई यातायात पर भी, राहत और बचाव अभियान
- 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा तथा विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से 21 उड़ानें रद्द कीं

जालंधर सिटी लाइव

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश में भारी तबाही मचाई है। तूफान के कारण राज्य में अब तक 3 लोगों की मौत होने की सूचना है, जबकि 31 घरों को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने बड़े स्तर पर राहत और बचाव अभियान चलाया है। आंध्र प्रदेश में करीब 57 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान का असर रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ-साथ यातायात सेवाओं में भी एहतियाती कदम उठाए गए हैं। फिलहाल प्रभावित क्षेत्रों में मौसम और नुकसान की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। एहतियात के तौर पर 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा तथा विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से 21 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

आंध्र प्रदेश में करीब 57 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है



चक्रवाती तूफान से ओडिशा के 16 जिलों में स्कूल बंद

चक्रवाती तूफान का असर पड़ोसी राज्य ओडिशा में भी देखने को मिल रहा है। भारी बारिश की आशंका और बिगड़ते मौसम को देखते हुए राज्य के 16 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। प्रशासन ने एहतियातन करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में राहत कार्यों के लिए करीब 4,000 साइक्लोन शेल्टर तैयार किए गए हैं।

विशाखापट्टनम में 18 घंटे में 200 मिमी से ज्यादा बारिश

तूफान के कारण विशाखापट्टनम में बारिश का असर बेहद गंभीर रहा। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 27 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे से 28 अक्टूबर की सुबह 3 बजे तक करीब 18 घंटे में यहां 200 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। यह मात्रा विशाखापट्टनम में जुलाई के दौरान होने वाली औसत बारिश से डेढ़ गुने से भी अधिक है। कम समय में इतनी अधिक बारिश होने से जलभराव और जनजीवन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।

गुरदासपुर में पुलिस टीम पर फायरिंग, दाना मंडी में मचा हड़कंप; दो संदिग्ध अरेस्ट

- घटना दाना मंडी इलाके की है, जहां पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए घेराबंदी की
- मौके पर फायरिंग होते ही पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की



जालंधर सिटी लाइव

गुरदासपुर। गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस का पीछा किए जाने के दौरान तीन संदिग्ध बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। घटना दाना मंडी इलाके की है, जहां पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए घेराबंदी की। इस दौरान स्थानीय युवकों की मदद से दो संदिग्धों को काबू कर लिया गया, जबकि उनका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। घटना में किसी पुलिसकर्मी या आम नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद इलाके में पुलिस की कार्रवाई तेज कर दी गई है। पुलिस पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

तीनों ने कपड़ों से मुंह को ढंका हुआ था

***डीएसपी** जोगा सिंह ने बताया कि तीनों संदिग्ध एक मोटरसाइकिल पर सवार थे और उन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। पुलिस टीम को देखकर तीनों युवक भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया और दाना मंडी के भीतर उन्हें घेरकर पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान संदिग्धों ने पुलिस टीम पर सीधे गोलियां चलानी शुरू कर दीं। फायरिंग होते ही पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। पुलिस और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से दो संदिग्धों को पकड़ लिया गया, जबकि तीसरा आरोपी फरार होने में कामयाब रहा।*

राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सीटी ग्रुप के छात्र करण शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

जालंधर सिटी लाइव



जालंधरः सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मकसूदां, जालंधर के एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र करण शर्मा ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे सीटी ग्रुप परिवार में गर्व और उत्साह का माहौल है। चैंपियनशिप में करण शर्मा ने अपनी असाधारण शक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए 120 किलोग्राम बेंच प्रेस और 60 किलोग्राम बारबेल कर्ल सफलतापूर्वक किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने खेल के प्रति उनकी मेहनत, निरंतर अभ्यास और समर्पण को प्रदर्शित किया। करण की यह उपलब्धि विद्यार्थियों में मेहनत, दृढ़ता और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता की भावना विकसित करने के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। उनकी सफलता साथी विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और उन्हें आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

NHS
NASA & HUB SUPERSPECIALITY HOSPITAL
NHS ORTHO ROBOTICS
NHS
Ortho Robotics
proudly announces
the launch of
R.I. HIP
REAL INTELLIGENCE HIP
World's Most Advanced
AI Based ROBOTIC HIP REPLACEMENT
offering advanced precision and faster recovery for patients.
Take the first step towards a pain-free life!
Call: 98142-09405
Dr. Shubhang Aggarwal
M.Ch. Orth. (U.K)
Sr. Orthopaedic & Robotic Joint Replacement Surgeon
NHS HOSPITAL
Opp. Sports College, Kapurthala Road, Jalandhar
Ph.: 0181-4707700, 4633333
www.nhshospital.in

के.एम.वी. ने जागरूकता रैली के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण का दिया संदेश



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (स्वायत्त) ने एक स्वस्थ, जिम्मेदार और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में दृढ़ कदम उठाते हुए नशा मुक्ति जागरूकता रैली और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्साही छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपने साथियों और आम जनता को नशे के विभिन्न हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दोहरी पहल के माध्यम से छात्राओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता फैलाने का अवसरभी मिला। पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ रैली में शामिल छात्राओं ने रंग-बिरंगे पोस्टर हाथों में लेकर नशे के विरुद्ध प्रभावशाली नारे लगाए। इन नारों के माध्यम से उन्होंने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों को उजागर किया। अपनी कलात्मक रचनाओं के माध्यम सेछात्राओं ने नशे की रोकथाम, आत्म-अनुशासन के महत्व और नशे की समस्या से निपटने के लिए सामूहिक सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस पहल को उस समय और अधिक प्रोत्साहन मिला, जब महाविद्यालय की निदेशक प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने स्वयं रैली में शामिल होकर इस नेक कार्य का समर्थन किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो. द्विवेदी ने उनकी पहल की सराहना की और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की।

HOUSE OF ZAIKA
MULTI CUISINE RESTAURANT
&
MOKSHA
Resort & Spa
Celebrate Every
OCCASION
in Style
Delicious Food. Warm Ambience.
Memorable Moments.
PERFECT FOR
Birthdays • Anniversaries • Family Gatherings
Kitty Parties • Get Togethers & More
BIRTHDAYS
ANNIVERSARIES
FAMILY GATHERINGS
KITTY PARTIES
GET TOGETHERS & MORE
FOR GROUPS OF 25 – 250 GUESTS
VEG PACKAGE ₹1,399 NET PER PERSON
NON-VEG PACKAGE ₹1,599 NET PER PERSON
EXCLUSIVE PACKAGES
PACKAGE INCLUDES
WELCOME SOFT DRINKS
2 REFRESHING MOCKTAILS
3 + 3 SNACKS (VEG + NON-VEG)
MAIN COURSE
DELICIOUS DESSERTS
STANDARD DÉCOR
DJ & MUSIC
MULTI CUISINE DELIGHTS
WARM AMBIENCE
PERFECT FOR FAMILY & GROUPS
GREAT FOOD GREAT MEMORIES
BOOK YOUR SPECIAL DAY NOW!
+91 89682 78024
We Make Your Celebrations
UNFORGETTABLE!
Village, Naurangpur, MES Road, to, Jandu Singha, Kapur Pind, Punjab 144025

28-10-2026_Layout 1 29-10-2026 00:50 Page 4

मॉडल टाउन के प्रवेश द्वार पर नवनिर्मित आइलैंड का मेयर विनीत धीर ने किया उद्घाटन

जालंधर की खूबसूरती को चार चांद लगाने की दिशा में पहल

- शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों और चौराहों को आकर्षक बनाने पर जोरः मेयर विनीत धीर

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। जालंधर शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज मॉडल टाउन के प्रवेश द्वार पर नवनिर्मित आइलैंड का उद्घाटन जालंधर नॉर्थ के हल्का इंचार्ज और मेयर विनीत धीर ने किया। मॉडल टाउन शहर के प्रमुख और खूबसूरत इलाकों में शुमार है। ऐसे में इसके प्रवेश द्वार पर विकसित किया गया आइलैंड इलाके की सुंदरता को और निखारने के साथ-साथ शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को एक आकर्षक दृश्य प्रदान करेगा। इस पहल को जालंधर को अधिक सुंदर, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेयर विनीत धीर ने कहा कि शहर के विभिन्न हिस्सों में आइलैंड विकसित करने और प्रमुख चौराहों एवं प्रवेश मार्गों की सुंदरता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन स्थानों को बेहतर तरीके से विकसित करने से न केवल शहर की बाहरी सुंदरता में सुधार होता है, बल्कि जालंधर की एक सकारात्मक और आधुनिक पहचान भी बनती है। मॉडल टाउन जैसे प्रमुख इलाके में इस प्रकार का विकास शहर के सौंदर्यीकरण की मुहिम को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर जालंधर कैंट हल्के के इंचार्ज दीपक बाली, इलाके की पार्षद अरुणा अरोड़ा तथा अकाल आई हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. बलबीर सिंह भौरा और डॉ. सतवीर भौरा भी मौजूद रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने शहर के विकास और सौंदर्यीकरण से जुड़ी इस पहल में भाग लिया। मॉडल टाउन एंट्रेंस पर आइलैंड का निर्माण क्षेत्र की खूबसूरती को बढ़ाने के साथ-साथ शहर के प्रमुख स्थानों को बेहतर स्वरूप देने के प्रयासों का हिस्सा है। मेयर विनीत धीर ने कहा कि जालंधर में अलग-अलग स्थानों पर आइलैंड विकसित करने का उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक बनाना और शहरी बुनियादी ढांचे को बेहतर स्वरूप देना है। व्यवस्थित ढंग से विकसित किए गए ऐसे स्थान शहर की पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिकों और बाहर से आने वाले लोगों के बीच भी अच्छा प्रभाव छोड़ते हैं। मॉडल टाउन एंट्रेंस पर इस पहल के जरिए शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है, जिससे जालंधर को और सुंदर बनाने के प्रयासों को गति मिल सकती है।

खेल, फिटनेस और नागरिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए जालंधर के डीसी पार्क में फिट सेंट्रल वॉल्स का उद्घाटन

फिट सेंट्रल वॉल्स का उद्देश्य एक व्यापक संदेश देना हैः किसी शहर की पहचान केवल उसके बुनियादी ढांचे से ही नहीं, बल्कि उसके लोगों के स्वास्थ्य, खेल भावना और नागरिक चेतना से भी बनती है



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। जालंधर के बर्ल्टन पार्क में चल रही हीरो एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 के बीच, डीसी पार्क में फिट सेंट्रल वॉल्स का उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य इस संदेश को मजबूत करना है कि खेल और फिटनेस रोजमर्रा के शहरी जीवन का अभिन्न अंग होने चाहिए। इस उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ खेल प्रशासकों और हॉकी जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो फिटनेस, खेल संस्कृति और नागरिक गौरव को बढ़ावा देने के महत्व को दर्शाता है। यह पहल फिट सेंट्रल अभियान का हिस्सा है, जिसका नेतृत्व नितिन कोहली, हॉकी पंजाब के अध्यक्ष, हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल हलका इंचार्ज कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य पूरे विधानसभा क्षेत्र में खेल, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस उद्घाटन समारोह में एशियन हॉकी फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट श्री भोला नाथ सिंह, भारतीय टीम के चीफ सेलेक्टर श्री आर.पी. सिंह, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष श्री सेकर और हॉकी इंडिया के सीईओ कमांडर आर.के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। फिट सेंट्रल वॉल्स का उद्देश्य एक व्यापक संदेश देना है कि किसी शहर की पहचान केवल उसके बुनियादी ढांचे से ही नहीं, बल्कि उसके लोगों के स्वास्थ्य, खेल भावना और नागरिक चेतना से भी बनती है। सार्वजनिक स्थानों का उपयोग खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए करके, यह पहल इन मूल्यों को शहर के रोजमर्रा के वातावरण में अधिक दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। इस अवसर पर बोलते हुए नितिन कोहली ने कहा, ÷फिट सेंट्रल एक ऐसी संस्कृति विकसित करने के बारे में है, जहां फिटनेस और खेल रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनें। हमारा उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को यह समझने के लिए प्रोत्साहित करना है कि खेल केवल एक प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। जब कोई शहर अपने सार्वजनिक स्थानों के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा देता है, तो वह उस भविष्य के बारे में एक संदेश देता है जिसका वह निर्माण करना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि जालंधर की खेलों में एक गौरवशाली विरासत रही है, विशेष रूप से हॉकी में, और इस विरासत को अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनना चाहिए, ताकि युवा खेलों को अपनाएं, शारीरिक रूप से सक्रिय रहें और अनुशासन, टीमवर्क तथा दृढ़ता जैसे गुण विकसित करें। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि सार्वजनिक स्थानों के माध्यम से खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने से एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने तथा समुदाय की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिट सेंट्रल जैसी पहलें युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं और साथ ही उन्हें जालंधर की समृद्ध हॉकी विरासत से प्रेरणा लेने का अवसर दे सकती हैं। उन्होंने ऐसा वातावरण बनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जहां फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनें। फिट सेंट्रल का उद्देश्य खेल कोर्ट, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम और मनोरंजन स्थलों सहित मोहल्ला स्तर के बुनियादी ढांचे को विकसित करके निवासियों के लिए खेल और फिटनेस सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाना है। कोहली ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं को खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान करना स्वस्थ समुदायों के निर्माण तथा उन्हें नशे के दुरुपयोग और अन्य सामाजिक चुनौतियों से दूर रखने के लिए महत्वपूर्ण है। यह उद्घाटन जालंधर को ऐसा शहर बनाने की व्यापक सोच की दिशा में एक और कदम है, जहां खेल संस्कृति स्टेडियमों और खेल के मैदानों तक सीमित न रहकर सार्वजनिक स्थानों और दैनिक सामुदायिक जीवन का भी हिस्सा बने। फिट सेंट्रल के माध्यम से खेल बुनियादी ढांचे, जन जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ जोड़कर जालंधर को अधिक स्वस्थ, सक्रिय और खेलों के प्रति जागरूक शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह के साथ-साथ कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं, जिनमें शिवम शर्मा, नरेश शर्मा, अजय चोपड़ा, तरुण सिक्का, धीरज सेठ, सीनियर डिप्टी मेयर बलबीर सिंह बिट्टू, डॉ. अमित, जसविंदर सिंह, त्रिलोक सरां, अरुण सैनी, मनीष शर्मा, बलविंदर शमी, ओलंपियन पुरी और पन्नू शामिल थे।

रयात बाहरा इंटरनेशनल स्कूल के दिव्यांश जगोत्रा ने स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

जालंधर सिटी लाइव



होशियारपुरः रयात बाहरा इंटरनेशनल स्कूल, होशियारपुर के 12वीं कक्षा के होनहार छात्र दिव्यांश जगोत्रा ने इंटर-स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। दिव्यांश की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन एवं समूचे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर है। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने छात्र को बधाई देते हुए कहा, ÷दिव्यांश की यह विजय उसके कड़े अभ्यास, अनुशासन और अडिग संकल्प का प्रतिफल है। खेल युवाओं में धैर्य, जुझारूपन और सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि दिव्यांश आगे भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई ऊंचाइयों को छुएगा। रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. चंद्र मोहन ने भी दिव्यांश की सराहना करते हुए कहा, ÷दिव्यांश की यह सफलता साथी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। यह जीत दर्शाती है कि निष्ठा, सतत प्रयास और आत्मबल से हर मुकाम संभव है। हमें आशा है कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी संस्था और देश का नाम रोशन करेगा।

एचएमवी की हरमनप्रीत कौर ने एम.एस.सी. फिजिक्स में शानदार प्रदर्शन किया



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। जालंधर के हंसराज महिला महाविद्यालय की एम .एससी . फिजिक्स (सेमेस्टर द्वितीय) की छात्रा हरमनप्रीत कौर ने 8.20 सीजीपीए के साथ यूनिवर्सिटी में दूसरा स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने हरमनप्रीत कौर को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल डॉ. खोसला ने फिजिक्स विभाग की मेहनत की सराहना की और फैकल्टी सदस्यों को उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए सराहा। फिजिक्स विभाग की प्रमुख डॉ. सलोनी शर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत और लगन को दर्शाती है। डॉ. सलोनी ने अन्य छात्राओं को भी शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल में अंतर-सदनीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल में ÷भारतीय संस्कृति÷ विषय पर अंतर-सदनीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। विद्यालय के चार सदनों–अंबर, अन्नल, अवनी और अनंत–के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हरियाणा, पंजाब, कश्मीर और राजस्थान राज्यों के लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर भारत की विविधता, परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन भाव-भंगिमाओं, आत्मविश्वास, तालमेल और समग्र प्रस्तुति सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर किया गया।

इनोसेंट हार्ट्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में करवा चौथ के जश्न की धूम



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। इनोसेंट हार्ट्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कल्चरल क्लब ने करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी डिज़ाइन और नेल आर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं को %एक भारत श्रेष्ठ भारत% कार्यक्रम की थीम पर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य एकता को मजबूत करना, पारंपरिक डिज़ाइनों को पुनर्जीवित करना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करना था। इससे छात्र-शिक्षकों को भारत की विविधता को समझने और उसकी सराहना करने का मौका मिला, जिससे उनके बीच एक साझा पहचान की भावना विकसित हुई। मेहंदी डिज़ाइन के पारंपरिक कला रूपों के माध्यम से भारतीय महिलाओं की शक्ति, उनकी सुंदरता, सादगी और शालीनता को बखूबी दर्शाया गया।

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR : RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951

Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

